बीटीएमसी की नयी समिति और सचिव की नियुक्ति में देरी गंभीर चिंता का विषय : डा. सुरेन्द्र

❒ बिहार में विकास ठप, नफरत की राजनीति तेज : कुमार सर्वजीत ❒ मोहन भागवत के बयान पर भी साधा निशाना, सरकार से मांगा जवाब

गयाजी। महाबोधि मंदिर की प्रबंधन व्यवस्था से लेकर बिहार में दलित उत्पीड़न, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास कार्यों तक के मुद्दों पर गुरुवार को बिहार सरकार के खिलाफ विपक्षने मोर्चा खोल दिया। गया शहर के रामपुर स्थित सांसद डाक्टर सुरेंद्र प्रसाद यादव के आवास पर गुरुवारको बिहार के पूर्व मंत्री सह विरोधी दल के मुख्य सचेतक एवं बोधगया विधायक कुमार सर्वजीत और सांसद डा सुरेंद्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी (बीटीएमसी) के गठन में देरी को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवतके बयानपर भी प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि देशको बांटने की बात कौन कर रहा है और समाज में हिंदू-मुस्लिम के नाम पर नफरत कौन फैला रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में विकास कार्यों की गति धीमी है, जबकि दलितों की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे बुनियादी मुद्दे उपेक्षित हैं।

प्रेस वार्ता में सांसद डा सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि वर्ष 1949 के बोधगया टेंपल एक्ट के तहत महाबोधि मंदिरके प्रबंधनके लिए बीटीएमसी का गठन किया जाता है। जिलाधिकारी इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं, जबकि समिति में सरकारकी ओर से नामित आठ सदस्य शामिल होते हैं। इनमें चार बौद्ध और चार हिंदू समुदाय से होते हैं। समिति के सदस्यों में से एक को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी दी जाती है, जो मंदिरकी दैनिक प्रशासनिक गतिविधियों और प्रबंधन से जुड़े कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सांसदने कहा कि पिछली समितिका कार्यकाल समाप्त होनेके बाद नई समिति और सचिव की नियुक्ति में हो रही देरी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बोधगया में देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच रहे हैं, तब मंदिर की प्रबंधन व्यवस्था को लेकर सरकार गंभीरता क्यों नहीं दिखा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि बीटीएमसी के सदस्यों को जल्द नामित किया जाए और सदस्य सचिवकी नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि मंदिर की व्यवस्था, साफ-सफाई, चढ़ावे के प्रबंधन और वित्तीय अनुपालन से जुड़े



कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

विदेशी चढ़ावे और एफसीआरए का मुद्दा भी उठाया

डा. सुरेंद्र प्रसाद यादव ने महाबोधि मंदिर में विदेशी मुद्रा के रूप में मिलने वाले चढ़ावे और उससे संबंधित वित्तीय नियमों के अनुपालन पर भी चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि पूर्व में एफसीआरए से संबंधित मामले में बीटीएमसी पर करीब 88 लाख रुपये का दंड लगा था। उन्होंने कहा कि मंदिर को मिलने वाले चढ़ावे का इस्तेमाल उसके रखरखाव, कर्मचारियों के वेतन और अन्य आवश्यक कार्यों में किया जाता है। ऐसेमें वित्तीय नियमोंका पालन करना और समयपर लेखा-जोखा प्रस्तुत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने आशंका जताई कि समिति और सचिवकी नियुक्ति में देरीसे प्रशासनिक तथा वित्तीय कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

प्रेस वार्ताके दौरान सांसदने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवतके देश को बांटने की साजिश संबंधी बयानपर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सवाल किया कि देश में हिंदू-मुस्लिमकी राजनीति कौन कर रहा है और समाज में नफरत फैलाने के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का उल्लेख करते हुए कहा कि ये नेता भाईचारे और सामाजिक सौहार्दकी बात करते हैं।

सांसद ने बिहारमें दलितों और वंचित समुदायोंके खिलाफ अत्याचार की घटनाओंको लेकर भी सरकारको घेरा। उन्होंने कहा कि दलित उत्पीड़न के मामलोंको केवल प्राथमिकी दर्ज करने तक सीमित नहीं रखा जा सकता।

मगध मेडिकल और विकास योजनाओंपर भी निशाना

सांसद ने मगध मेडिकल कालेज एवं अस्पतालकी स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ईएनटी विभाग समेत कई विभागों में चिकित्सा उपकरणों के संचालन और आपरेटरों की उपलब्धता से जुड़ी समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालमें बेहतर इलाज के लिए जरूरी मशीनों और संसाधनों का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रेस वार्ता के अंतमें कुमार सर्वजीत और डा सुरेंद्र प्रसाद यादव ने सरकार से महाबोधि मंदिर की प्रबंधन समितिका जल्द गठन करने, सचिव की नियुक्ति करने, दलितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शिक्षा-स्वास्थ्य सहित विकास योजनाओं में तेजी लानेकी मांग की।

बिहार सरकार

समाहरणालय, बक्सर

(जिला भू-अर्जन कार्यालय)

आम सूचना

राष्ट्रीय उच्च पथ सं0-120 (विक्रमगंज-डुमरॉव) परियोजना से संबंधित सभी मौजों के हितबद्ध रैयतों से मुआवजा भुगतान संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु पूर्व में निम्नांकित तिथियों में कैम्प का आयोजन किया गया है :-

क्र०	परियोजना का नाम	कैम्प की तिथि	कैम्प की अवधि (दिन में)	कैम्प स्थल	अभ्युक्ति
1.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	25.11.2024 से 27.11.2024 तक	3	प्रखंड कार्यालय, डुमरॉव	
2.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	06.03.2024	1	प्रखंड कार्यालय, डुमरॉव	
3.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	02.01.2026 से 03.01.2026 तक	2	प्रखंड कार्यालय, डुमरॉव	
			6 दिन		

इस परियोजना के हितवद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान प्राप्त करने हेतु तीसरी एवं अंतिम बार नोटिस भी निर्गत किया गया है, परन्तु अधिकांश हितवद्ध रैयतों द्वारा भुगतान हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किया गया है।

इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वैसे हितबद्ध रैयत जो अभी तक भुगतान प्राप्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किये है दिनांक 26.10.2026 तक जिला भू-अर्जन कार्यालय, बक्सर में देना सुनिश्चित किया जाय। इस तिथि के बाद भुगतान संबंधित अभिलेख/राशि माननीय व्यवहार न्यायालय, बक्सर को संदर्भित कर दी जायेगी। इसमें अतिरिक्त सूद की राशि देय नहीं होगी।

समाहर्ता, बक्सर

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No.013924 (Revenue) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

स्मार्ट बाजार चोरीकांडको लेकर नगर पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थलका निरीक्षण

गयाजी। गया शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत समीर तकिया स्थित स्मार्ट बाजार (रिलायंस) में हुई चोरीकी घटना को पुलिसने गंभीरता से लिया है। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मामले की विस्तृत जांच की। पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र, गया के निर्देशनमें नगर पुलिस अधीक्षक अभिनवने पुलिस उपाधीक्षक, नगर-01 एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारियोंके साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक ने चोरी की घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियोंके साथ घटनास्थल की स्थितिका जायजा लेते हुए मामलेकी जांच की प्रगतिकी समीक्षा की। इस दौरान घटना में संलिप्त आरोपितों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

नगर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को मामले का त्वरित उद्भेदन करने के लिए आवश्यक



कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस को घटना से जुड़े तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाने तथा चोरी की वारदात में शामिल आरोपितों तक पहुंचने की दिशा में कार्रवाई करने को कहा गया। स्मार्ट बाजार जैसी व्यावसायिक प्रतिष्ठानमें हुई चोरी की घटना के बाद पुलिसकी सक्रियता बढ़ गई है। घटनास्थलका निरीक्षण कर अधिकारियों ने मामले की जांच को आगे बढ़ाने और आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है। घटना में कौन-कौन लोग शामिल थे और चोरीकी वारदात को किस प्रकार अंजाम दिया गया, इसका खुलासा पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस का प्रयास मामले का शीघ्र उद्भेदन कर संलिप्त आरोपितों को गिरफ्तार करना है।

मानपुर रेलवे स्टेशन पर चोरी के मोबाइल के साथ नाबालिग निरुद्ध

गयाजी। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल अंतर्गत मानपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत चोरी के मोबाइल फोन के साथ एक नाबालिग बालक को निरुद्ध किया। उसके पास से करीब 12 हजार रुपये मूल्य का रियलमी कंपनी का एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया गया। रेलवे सुरक्षा बलसे मिली जानकारीके अनुसार, 21 अक्टूबर 2026 को निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादवके निर्देशन में उपनिरीक्षक राज किशोर सिंह, आरक्षी विनोद कुमार यादव एवं आरक्षी अमित कुमार जायसवाल मानपुर रेलवे स्टेशन पर अपराध नियंत्रणको लेकर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 2-3 के पूर्वी छोर पर एक संदिग्ध बालक बैठा दिखाई दिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके पास से लाक अवस्था में मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में बालकने उक्त मोबाइल ट्रेन में यात्रा कर रहे एक यात्री से चोरी करने की बात बताई। इसके बाद मोबाइल जब्त कर बालक को निरुद्ध किया गया।

रसलपुर मैदान में शांति से संपन्न हुआ रावण वध

मानपुर। मानपुर रसलपुर में विजयादशमीके अवसर पर वीर कुंअर सिंह क्लब की ओर से भव्य रावण वध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों के सम्मान के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों ने अपने विचार रखे और सत्य, धर्म तथा सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वहीं, भगवान श्रीरामकी भव्य झांकी और रावण वध देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया गया। वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाजमें प्रेम, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी बाजे-गाजे के साथ बुधगेरे बाजार होते हुए मानपुर पहुंची और फिर रसलपुर उच्च विद्यालय के समीप आई। यहां श्रीराम और रावण की सेना के बीच युद्ध का मंचन किया गया। अंत में रावण की सेना पराजित हुई और रावण, कुंभकर्ण तथा मेघनाथ के पुतलोंका दहन किया गया। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। वीर कुंअर सिंह क्लबके अध्यक्ष हरेराम सिंह ने बताया कि रसलपुर में वर्ष 1994 से रावण वध का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आयोजन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में प्रशासन के सहयोग के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में शांति समिति के अध्यक्ष कपिल देवी प्रसाद, मनोज सिंह, राकेश सिंह, रणजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

परियोजना निदेशक (असैनिक) का कार्यालय

बुडको, भागलपुर

Email Id-piubhagalpur.buidco@gmail.com

CSC Building, WTP Barari, 812003

बिहार सरकार

अति अल्पकालीन ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

(ई-टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

निविदा संख्या :-24/2025-26

1 विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : **परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।**
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-22.10.2026
3 परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक-30.10.2026 से दिनांक-02.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4 प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान : दिनांक-31.10.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। स्थान- कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक-03.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि : दिनांक-04.11.2026 के पूर्वाह्न् 11:00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि : तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् (on website www.eproc2.bihar.gov.in)

8 कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing Fee (Through online payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
	नगर निगम, भागलपुर					
1	भागलपुर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0-36 में डिक्सन मोड़ से अदभुत हनुमान मंदिर तक सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य।	1,68,45,500.00	3,37,000.00	17,700.00	Eproc2 पर निर्धारित राशि के अनुसार	08 माह

नोट:- **Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website** www.eproc2.bihar.gov.in

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

परियोजना निदेशक
बुडको, भागलपुर

PR- 014047 (B & C) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्या

गयाजी। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालयमें आये अनेकों फरियादियों को देख उनकी समस्याओंको सुना गया। जिले के विभिन्न प्रखंडोंसे आए लगभग 50 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगोंने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। गया शहरके मगध मेडिकल कालेज थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध कालोनी रोड के निवासी मनोज प्रसादने अपने दोनों भाइयों पर बिना नक्शा पास कराए मकान निर्माण करानेतथा इस कार्य में स्थानीय पुलिस एवं नगर निगम के अमीन की कथित संलिप्तता का आरोप लगाते हुए जिला पदाधिकारी, गया से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है, जिसपर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त, गया नगर निगम, गया जी को मामलेकी जांच करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आवेदिका पूनम कुमारी द्वारा गया हवाई अड्डा विस्तार परियोजना (कैट-1 लाइट अधिष्ठापन) के तहत भूमि अधिग्रहणमें गंभीर अनियमितताओं को लेकर जिला पदाधिकारी, गया को आपत्ति आवेदन सौंपा गया, जिसपर जिलाधिकारी ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी, गया को मामलेकी गंभीरतापूर्वक जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निदेश दिया।

आर्म्स एक्ट मामले में युवक गिरफ्तार

खिजरसराय (ससू)। नीमचक बथानी थाना क्षेत्रमें आर्म्स एक्ट के मामले में पुलिस ने गुरुवार को विक्रम कुमार को गिरफ्तार किया। विक्रम कमालपुर टोला, बथान शेर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, 28 जुलाई 2026 को सूचना मिली थी कि मामले का आरोपी अपने दो साथियों के साथ करू बिगहा बाजार में एक दुकान के पास खड़ा है। पुलिस टीम को देखते ही तीनों भागने लगे। इस दौरान एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया था, जिसके पास से एक पिस्टल और सात जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत गुरुवार विक्रम कुमार को गिरतिार किया एवं अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मनाया गया जन्मदिन

गयाजी। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकारके केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाहके जन्मदिनके अवसर पर भाजपा किसान मोर्चाके क्षेत्रीय कार्यालयमें हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय प्रभारी डा मनीष पंकज मिश्रा सहित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अमित शाहके जन्मदिनकी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी कार्यकर्ताओंने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवनकी कामना की। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी डा. मनीष पंकज मिश्रा ने अमित शाहको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अमित शाह का कुशल संगठनात्मक नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रके प्रति समर्पण देशके करोड़ों कार्यकर्ताओं केलिएप्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में संगठन को मजबूत



बनाने तथा राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डा मिश्रा ने कहा कि अमित शाहके नेतृत्व, दूरदर्शिता और कार्यशैली ने भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान की है।

उन्होंने आगे कहा कि गया जी की पावन धरती पर भगवान विष्णु एवं शक्तिपीठ मां मंगला गौरीसे प्रार्थना है कि अमित शाहको उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु प्रदान करें। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर श्याम किशोर मिश्रा आकाश कुमार राजू मिश्रा दीपक मिश्रा डा मिहिर कुमार संजीव कुमार धर्मेंद्र कुमार मंटू कुमार बबलू गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गोपालगंज

निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-
19/OT/BCD/GOPALGANJ/2026-27

1 विज्ञापनदाता का पदनाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गोपालगंज।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- 30.10.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 31.10.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 31.10.2026 को अपराह्न 03:30 बजे तक।
5 परिमाण विपत्र की बिक्री एवं निविदा प्राप्ति का स्थान :- 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, छपरा। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, गोपालगंज 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल गोपालगंज/मीरगंज।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान :- क्रमांक 05 के अनुसार।
7. निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने अथवा किसी कार्य को एक से अधिक निविदादाताओं में बॉटने का अधिकार या किसी ग्रुप की निविदा रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।

कार्य की विवरणी :-

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Renovation of DDC Steno Chambar at collectriate Building Gopalganj. FY 2026-27	115800	2400	500	15 दिन
2	APP (Atactic Polypropylene Polymer) work on Terrace of DCLR Office Building, Gopalganj. FY 2026-27	293400	5900	750	07 दिन
3	Installation of Tiles in Kitchen Ward in Campus of Dist. Jail Chanawe Gopalganj FY 2026-27	135000	2700	500	15 दिन
4	Roof Treatment of Kitchen Ward in Campus of Dist. Jail Chanawe Gopalganj FY 2026-27	225000	4500	500	15 दिन
5	Installation of Submersible Pump (02 Units) in Campus of Dist. Jail Chanawe & other Administrative Building, Gopalganj FY 2026-27	304000	6100	750	07 दिन
6	Internal Repair/Painting of A-Type Quarter (A-10) at Block Colony Gopalganj FY 2026-27	86200	1800	500	15 दिन
7	Internal Repair/Painting of B-Type Quarter (B-15) at Block Colony Gopalganj FY 2026-27	85200	1800	500	15 दिन
8	Repair and Painting of Boundary Wall of Old Campus Civil Court Gopalganj. FY 2026-27	176300	3600	500	15 दिन
9	Renovation of Septic Tank Soak Pit in Old Campus Civil Court Gopalganj. FY 2026-27	84900	1700	500	15 दिन
10	Concertina Work at Boundary Wall of 520 Bedded +2 High School Bankatiya, Block Panchdeori, Gopalganj FY 2026-27	476900	9600	750	30 दिन

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।** **कार्यपालक अभियंता,**
भवन प्रमंडल, गोपालगंज


PR- 014045 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

डीएम ने की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा

निर्धारित लक्ष्यको ससमय पूर्ण करने का निदेश

गयाजी। गुरूवार को जिला पदाधिकारी, शशांक शुभंकरकी अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष,



में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के सम्बद्ध विभागों के पदाधिकारियोंके साथ समीक्षा बैठक आहूतकी गई। जिला पदाधिकारी, गया द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को ससमय पूर्ण कराते हुये शत-प्रतिशत भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धि प्राप्त करनेका निदेश दिया गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी, गया को मत्स्य पालन से संबंधित योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी, गया को योजना के सभी सम्बद्ध पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर भौतिक एवं वित्तीय आँकड़ों की प्रविष्टि ससमय पीएमडीडीकेवाई पोर्टल पर करने का निदेश दिया गया।

यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

इमामगंज (संसू)। इमामगंज-से डुमरिया जानेवाले मुख्य मार्ग पर कृषि फार्म के समीप यात्री बस की टक्कर होने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गयाहै। वहीं घायल की पहचान इमामगंज थाना क्षेत्रके गेवालगंज गांव निवासी बिरजू सावके रूप में हुई है। घटनाके बाद घायलको ग्रामीणोंके सहयोग से इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया तो डाक्टर ने प्राथमिक उपचारके बाद चिकित्सकोंने बेहतर इलाजके लिए मगध मेडिकल कालेज गया जी रेफर कर दिया। इस संबंधमें थानाध्यक्ष अमित कुमारने बताया कि यात्री बस को जब्त कर थाने लाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।बताया जाता है कि बिरजू साव बाइकसे क्षेत्रमें घूम-घूमकर बर्तन बेचने का काम करते है।

वजीरगंज में अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

वजीरगंज (आससे)। प्रखंड की बिच्छा पंचायतके कान्धा गांव में भारत रत्न डक्र भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। घटना बीती रातकी बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणोंने वजीरगंज थानाध्यक्ष और गया के एसएसपी से मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों की पहचान कर अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। लोगों का कहना है कि बाबा साहब की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाना निंदनीय है, ऐसी घटनाओं से सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है।

आर्यसमाज मंदिर मानपुरमें विजयादशमी पर सामूहिक यज्ञ का आयोजन

गया जी। आर्यसमाज मंदिर मानपु के प्रागंण में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक महापर्व विजयादशमी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्यसमाज परिसर वैदिक मंत्रोच्चार तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र की जय-जयकार से गूंज उठा। आर्यसमाज के मंत्री जयप्रकाश आर्य, प्रधान विनोद आर्य, उप प्रधान सुषमा आर्या, कार्यकारिणी सदस्य दुर्गेश नंदिनी, विद्योत्तमा, सुदामा पंडित, राजकिशोर, कुसुम कुमारी आदि ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक दूसरे को महापर्व की बधाइयाँ दीं। आमन्त्रित आचार्य दयानिधि शास्त्री जी का विजयादशमी पर विशेष प्रवचन हुआ। वहीं दुर्गेश नंदिनी ने लोगोंको अपने भीतर के अहंकार, दुर्गुणों और बुराइयों को त्यागने की बात कही। आर्यसमाजके अंकेक्षक प्यारचन्द कुमार मोहन के अनुसार, विजयादशमी के अवसर पर देश भर में फैली आर्यसमाज की सभी शाखाओं में महर्षि दयानंद सरस्वती के अनुयायी राष्ट्र कल्याण हितार्थ यज्ञ, भजन-प्रवचन तथा सामाजिक सद्भाव के कार्यक्रम आयोजित करते हैं। आर्यसमाज मानपुर भी अनवरत रूप से आर्य संस्कृति की पताका लहराता आ रहा है।

बिहार सरकार

परियोजना निदेशक (असैनिक) का कार्यालय

बुडको, भागलपुर

Email Id-piubhagalpur.buidco@gmail.com, CSC Building, WTP Barari, 812003

अति अल्पकालीन ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा **www.eproc2.bihar.gov.in)**

निविदा संख्या:-25/2025-26

1 विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : **परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।**
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-22.10.2026
3 प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान : दिनांक-31.10.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। स्थान- कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
4 परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक-30.10.2026 से दिनांक-02.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक-03.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि : दिनांक-04.11.2026 के पूर्वाह्न् 11:00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि : तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् (on website www.eproc2.bihar.gov.in)

8 कार्य का विवरण:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing Fee (Through online payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
	नगर निगम, भागलपुर					
1	भागलपुर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत कटहलवाड़ी वार्ड नं0-24 में संजय यादव के घर से सी0आई0डी0 ऑफिस होते हुए अनिल तिवारी के घर तक नाला का निर्माण कार्य।	54,22,600.00	1,08,500.00	11,800.00	Eproc2 पर निर्धारित राशि के अनुसार	03 माह

नोट:- Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है। **परियोजना निदेशक,**
बुडको, भागलपुर

PR. No. 014050 (B&C) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

जविप्र दुकानदार की दिल का दौरा पड़ने से निधन

कोच (आससे)। प्रखंड अंतर्गत गौरी विगहा गांव निवासी और जन वितरण प्रणाली के एक प्रतिष्ठित दुकानदार जयनंदन शर्मा का रांची में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। उनके असामयिक निधन की खबर से उनके पैतृक गांव गौरी विगहा सहित पूरे कोच प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई है। स्व. जयनंदन शर्मा अपने मिलनसार स्वभाव, नेकदिली और पूरी ईमानदारी के साथ जन वितरण प्रणाली का संचालन करने के लिए जाने जाते थे।

रांची में हुए उनके अचानक निधन से उनके परिवार के साथ-साथ पूरे इलाके के लोग मर्माहत हैं। स्थानीय गणमान्य लोगों और दुकानदारोंने इसे क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है। इस दुख की घड़ी में ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जा रही है तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई है।

कोंच में 26 और आंती में 6 प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण माहौल में विसर्जन

कोंच (आससे)। दुर्गा पूजाके समापन के बाद कोंच और आंती थाना क्षेत्रें में प्रतिमा विसर्जनका कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। दोनों थाना क्षेत्रें में कुल 32 स्थानों पर मां दुर्गा और मां काली की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साहके साथ प्रतिमाओं को विभिन्न घाटों तक पहुंचाया और विधि-विधान से विदाई दी। कोंच थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि थाना क्षेत्र में 26 स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओंका शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन कर दिया गया। वहीं, आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार रावके अनुसार, थाना क्षेत्र में पांच स्थानों पर मां दुर्गा और एक स्थान पर मां काली की प्रतिमा स्थापितकी गई थी। इनमें अधिकांश प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार को हुआ, जबकि चँदैनी गांव की प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार सुबह किया गया। पूजा और विसर्जन के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में स्थानीय नागरिकों और पूजा समितियों ने सहयोग किया। दोनों थानाध्यक्षों ने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पूजा समितियों, आम लोगों और मीडिया कर्मियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के आपसी सहयोग से पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।